बी0एड0 प्रवेश सूचना सत्र 2019–20

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के बी0एड0 कार्यक्रम का उददेश्य प्रदेश के प्रारम्भिक स्तर पर सेवारत अध्यापकों को उनके संव्यावासायिक विकास का एक अवसर प्रदान करना है। बी0एड0 कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की प्रकृति व अधिगम प्रक्रिया को समझने के साथ–साथ मूल्यांकन प्रविधियों, विद्यालय प्रबन्ध एवं विद्यार्थी सहायता हेतु विभिन्न क्रियाकलाप आयोजित करने की क्षमता आदि को विकसित करने के योग्य बनाना है। बी0एड0 कार्यक्रम कुल 112 क्रेडिट का है। कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि दो वर्ष तथा अधिकतम पांच वर्ष है। बी0एड0 कार्यक्रम में कुल 500 स्थान है। बी0एड0 कार्यक्रम निम्न दस अध्ययन केन्द्रों (प्रत्येक में कुल 50 स्थान) पर चलाया जा रहा है।

1. दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर (S-016)
2. टी0डी0 कालेज, जौनपुर (S-036)
3. डी0जे0 कालेज, बड़ौत, बागपत (S-063)
4. उपरदहा डिग्री कालेज, बरौत, इलाहाबाद (S-086)
5. चौधरी तुलसीराम यादव महाविद्यालय, धौसणा, तुलसीनगर, इलाहाबाद (S-111)
6. कृष्ण सुदामा पी0जी0 कालेज, सादात गाजीपुर (S-114)
7. फैज ए आम मॉडन डिग्री कालेज, 72 गोल्फ रोड सिविल लाइन्स मथुरा (S-228)
8. श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय, सूर्यनगर राजाजीपुरम् लखनऊ (S-263)
9. देव इन्द्रवती महाविद्यालय, कटेहरी, अम्बेडकरनगर (S-816)
10. प्रो0 एच0एन0मिश्रा कालेज ऑफ एजुकेशन बी0 एस0 पार्क आर्यनगर, कानपुर (S-1381)

परन्तु राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) की अनुमति मिलने पर विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन केन्द्रों की संख्या में वृद्धि की जा सकती है तथा किसी अध्ययन केन्द्र को बन्द किया जा सकता है। जिसकी सूचना प्रवेश परामर्श साक्षात्कार के समय दी जायेगी।

बी.एड.(विशिष्ट शिक्षा) प्रवेश सूचना सत्र 2019–20

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बालक, बालिकाओं के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति वाले व्यक्तियो को इन बालक–बालिकाओं की प्रकृति व अधिगम प्रक्रिया को समझने के साथ–साथ मूल्यांकन प्रविधियों, विद्यालय प्रबंध एवं विद्यार्थी सहायता हेतु विभिन्न क्रिया–कलाप करने आदि की क्षमताओं को विकसित कर माध्यमिक स्तर के अध्यापक तैयार करना है। बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम 80 क्रेडिट का है। कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि 2 वर्ष 6 माह तथा अधिकतम अवधि 5 वर्ष है। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय विशिष्ट शिक्षा के क्षेत्र में केवल मानसिक विकलांगता, श्रवण विकलांगता एवं दृष्टि विकलांगता से सम्बन्धित विशिष्टताओं में ही बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम का संचालन कर रहा है। बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) में कुल 350 स्थान हैं। बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) कार्यक्रम निम्न 07 केन्द्रों में (प्रत्येक में कुल 50 स्थान) इंगित किये गये दिव्यांगता के क्षेत्र के अन्तर्गत चलाया जा रहा है–

1. विकलांग केन्द्र, भारद्वाज आश्रम, प्रयागराज (मानसिक मंदता) (S-951)
2. इसराजी देवी शिक्षण संस्थान, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, प्रयागराज (दृष्टि बाधिता) (S-952)
3. उ.प्र. इंस्टीटयूट फार द हेयरिंग हैण्डीकैप, जार्ज टाउन, प्रयागराज (श्रवण विकलांगता) (S-953)
4. टी.डी. कालेज (विकलांग पुनर्वास केन्द्र), जौनपुर (मानसिक विकलांगता) (S-959)
5. ट्रेनिंग कालेज फार टीचर्स आफ द डेफ, ऐशबाग, लखनऊ (श्रवण विकलांगता) (S-960)
6. खादी ग्रामोद्योग विकास समिति बंधवा, ताहिरपुर, झूँसी, प्रयागराज, (श्रवण विकलांगता) (S-961)
7. फ्रेन्डस ऑफ हैण्डीकैप्ड, इण्डिया, स्वामी सत्यानन्द सरस्वतिम 'वाणी' सेण्टर फार हियरिंग, एण्ड मेन्टली रिटार्डेड चिल्ड्रेन, पी–1, पल्लवरपुरम्, फेज–II मेरठ (श्रवण विकलांगता) (S-963)

परन्तु भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) की अनुमति मिलने पर विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन केन्द्रों की संख्या में वृद्धि की जा सकती है तथा किसी अध्ययन केन्द्र को बन्द किया जा सकता है। जिसकी सूचना प्रवेश परामर्श साक्षात्कार के समय दी जायेगी।

प्रवेश पात्रता

इस कार्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्रता निम्न है–